तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 1 जुलाई 2024



12 एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत जींद में हुई 76759 लोगों की जांच





12 ब्राह्मण महापंचायत ने की प्रवीण शर्मा पर हमले की निंदा, विनोद शर्मा को ठहराया कसूरवार




## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिंगवाल में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंगवाल निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी इंद्र परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस वह बैल लेकर पशुबाडे. से घर आ रहा था। उसी दौरान इंद्र परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### एडमिशन के अंतिम दिन छात्रों ने किए आवेदन

**उचाना।** कॉलेजों में ऑनलाइन दाखिले के लिए 25 से बढ़ाकर की गई 30 जून के अंतिम दिन ऑनलाइन आवेदन विद्यार्थियों ने दाखिलों को लेकर किए गए। यहां पर राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना, रेलवे रोड स्थित एसडी महिला कॉलेज में दाखिलों को लेकर विद्यार्थी पहुंचे। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी 30 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते थे।

### मोबाइल टावर से दो दर्जन सैल चोरी

**जींद।** गांव निडाना में बीती रात चोरों ने मोबाइल टावर का ताला तोड़ कर दो दर्जन सैलों को चोरी कर लिया। टावर केयर टेकर की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल टावर के केयर टेकर मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने टावर के केबिन का ताला तोड़ कर दो दर्जन सैलों को चोरी कर लिया।

### नहर में काम करते वक्त मनरेगा महिला मजदूर की मौत का मामला

# पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने किया शव लेने से इंकार

जब तक मांगे नहीं मानी जाती तब तक नहीं लेंगे शव, परिजनों ने रखी मुआवजे, सेफ्टी कीट व उचित कार्रवाई की मांग, एसडीएम के आश्वासन पर परिजनों ने लिया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



**सफीदों।** परिजनों को समझाते हुए सदर थाना प्रभारी आत्मा राम।

उरलाना हैड के पास बुटाना ब्रांच नहर में मनरेगा में काम कर रही महिला मजदूर की अचानक पैर फिसलकर गिरने से मौत में मामले में रविवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों से उसे लेने से मना कर दिया। मजदूर नेता राधेश्याम हाट के नेतृत्व में परिजनों ने मांग रखी कि जब तक परिवार को उचित मुआवजे, मजदूरों के लिए सेफ्टी कीट उपलब्ध करवाने व घटना के दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का लिखित आश्वासन प्राप्त नहीं हो जाता तब तक वे शव को अस्पताल से नहीं उठाएंगे। शव ना लेने को लेकर प्रशासन में हड़कंप मच गया। आननफानन में सदर थाना प्रभारी आत्मा राम, नहरी विभाग के एसडीओ राहुल, जेई अमित व एबीपीओ अनिल मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को मुआवजे का आश्वासन दिया लेकिन परिजन नहीं माने। परिजनों ने कहा कि मौखिक आश्वासन से कुछ होने वाला नहीं है और उन्हे तो लिखित में आश्वासन चाहिए। उसके बाद काफी देर मशक्कत करने के उपरांत मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस ने एसडीएम से फोन पर बात की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि परिवार को हरसंभव मदद दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे। एसडीएम के आश्वासन पर परिजन मान गए और शव को नागरिक अस्पताल से गांव में ले गए।

#### क्या थे आरोप

मजदूर नेता राधेश्याम हाट व मृत्तक महिला के पति वजीर सिंह का कहना है कि विभाग की नजर में मजदूर की जान की कोई कीमत नहीं है। विभाग के द्वारा उन्हे कोई सेफ्टी कीट, मेडीकल कीट या अन्य कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती। मनरेगा में मजदूरों से उनकी जान को जोखिम में डालकर काम पर लगा दिया जाता है और उनकी गर्मी, सर्दी व बरसात की कोई सूध नहीं ली जाती। मजदूरों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। जिस नहर में यह कार्य चल रहा था, उसकी मिट्टी गीली थी। इससे पहले भी मनरेगा मजदूरों के साथ गांव रत्ताखेड़ा व खेड़ा खेमावती में बड़े हादसे घटित हो चुके हैं और अब यह बुटाना ब्रांच में हादसा हो गया है। आखिर कब तब मजदूर इन हादसों को सहन करेंगे और अपनी जान से हाथ धोएंगे। विभाग के द्वारा मजदूर की कीमत बहुत सस्ती लगाई हुई है। इस प्रकार की घटनाएं होने पर परिवार को मात्र 25 हजार रूपए की सहायता राशी उपलब्ध करवाई जाती है।

#### परिवार को मिलेगा उचित मुआवजा

नहरी विभाग के एसडीओ राहुल ने बताया कि उच्चाधिकारियों से बात हो चुकी है। इस मामले की फाइल तैयार करके श्रम कल्याण विभाग व उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। परिवार को उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा।

#### क्या था मामला

बता दें कि शनिवार को उरलाना हैड के पास मनरेगा के तहत बुटाना ब्रांच नहर की सफाई का कार्य चल रहा था और इस कार्य में मनरेगा के करीब 50 से 60 मजदूर लगे हुए थे। अन्य मजदूरों की भांति गांव टीटोखेड़ी की कमलेश (55) भी नहर सफाई में लगी हुई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सुखी पड़ी नदी में लुढ़क गई। कमलेश के मुंह से लुढ़कते वक्त चींख निकली। चींख की आवाज सुनकर उन्होंने और आसपास काम कर रहे मजदूरों ने कमलेश को उठाया और सफीदों के नागरिक अस्पताल में लेकर आए। जहां पर डाक्टरों ने उसकी जांच करके उसे मृत्त घोषित कर दिया।

# अंडरपास में आवागमन करने वालों के लिए रेलवे ने लिखा चेतावनी संदेश

- अंडरपास में लाल रंग की बनाई गई लाइन
- लाल रंग तक पानी पहुंचा तो अंडरपास से गुजरना खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बारिश के मौसम में अंडरपास में भरने वाले पानी के चलते किसी तरह की परेशानी वाहन चालकों को न हो इसको लेकर रेलवे द्वारा उचाना कलां के अंडरपास में वाहन चालकों के लिए कितना पानी अंडरपास में हो तो गुजरे को लेकर चेतावनी लिख कर जानकारी दी गई। यहां पर लाल रंग की लाइन बनाई गई है। चेतवानी में लिखा गया है कि इस लाइन तक पानी पहुंच गया तो पूल का उपयोग वाहन चालकों के लिए खतरनाक हो सकता है। दोनों तरफ से अंडरपास में आने से पहले ये चेतावनी दीवार पर लिखी गई है। वाहन चालक खुशीराम, बलजीत, जगबीर ने कहा कि अंडरपास में बारिश में पानी भर जाता है। पानी कितने फीट तक है इसका पता नहीं होता है। पानी 'यादा होने पर वाहन का इंजन तक खराब हो जाते है। 'यादा पानी के चलते पानी के अंदर ही रूक जाते है। रेलवे द्वारा जो चेतावनी लिख कर लाइन दीवार पर बनाई है उससे अंदाजा आ जाता है कि कितने फीट तक पानी अंडरपास में है। कितना पानी होने के बाद अंडरपास से वाहन चालक न आवागमन करें। बारिश के मौसम से पहले रेलवे द्वारा अंडरपास पर लाल लाइन बनाने के साथ चेतावनी संदेश पानी को लेकर लिख कर सही किया है।




**उचाना।** अंडरपास में बारिश का पानी भरने को लेकर लिखा चेतावनी संदेश।

### ट्रक ने मारी टक्कर, बाइक सवार रेलवेकर्मी की मौत, पिता बाल-बाल बचा

**जींद।** गांव बुडायन के निकट तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार रेलवे कर्मी की मौत हो गई। जबकि उसका पिता बाल-बाल बच गया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मतलोडा हिसार निवासी सोनू (28) धुरी पंजाब में रेलवे ट्रैकमैन के पद पर डयूटीरत था। पिछले कुछ दिनों से वह घर छुट्टी आया हुआ था। गत दिवस शाम का उसका पिता रमेश सोनू को डयूटी पर छोड़ने के लिए बाइक पर उचाना आ रहा था। बाइक को सोनू चला रहा था। गांव बुडायन मोड पर खेड़ी जालब की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक के पीछे बैठा रमेश साइड में जा गिरा। जबकि सोनू ट्रक की चपेट में आने से गभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

# गोमास केसंदेह में पकड़ी गाड़ी में निकला मुर्गों का अवशेष

- मछली चारे के रूप में किया जाता है मुर्गे अवशेष का प्रयोग
- पिकअप में लोड मछली चारे की मास समझ कर दिया था लोगों ने बखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना पुराना बस अड्डे पर गोमांस तथा हड्डियों के संदेह में पकड़ी पिकअप गाड़ी मे मछली पालन में चारे के रूप में प्रयोग किए जाने वाले मुगार्ें के अवशेष निकले। हालांकि पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ गो संवर्धन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। नरवाना पुराना बस अड्डा के निकट पंजाब की तरफ से आ रहा लोड पिकअप गाड़ी चालक पंक्चर लगवा रहा था। लोड माल से बदबू आ रही थी। जब लोगों ने गाड़ी मे देखा तो उसमें मास तथा हड्डी के अवशेष थे। जिनका चूरा किया हुआ था। जिसके साथ पिकअप मे मास तथा गोवंश की बात फैल गई। काफी संख्या में लोग भी एकजुट हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया। पिकअप चालक ने मछलियों का चारा बताया लेकिन वहां मौजूद लोग अपनी बात पर अड़े रहे। हालातों को देखते हुए पुलिस ने गाव दनौदा कलां निवासी सुशील की शिकायत पर पिकअप चालक राहुल के खिलाफ गो संवर्धन समेत विभिन्न धाराओं तहत मामला भी दर्ज कर लिया। रविवार को पशु चिकित्सकों ने पिकअप में लोड अवशेषों की जांच की तो वह मुगार्ें के अवशेष पाए गए। छानबीन में सामने आया कि मुगोंर् के अवशेषों का चूरा कर मछली पालन में चारे के रूप मे प्रयोग किया जाता है। उन अवशेषों के चूरे को पंजाब से मछली पालन में प्रयोग के लिए लाया जा रहा था। शहर थाना नरवाना के जांच अधिकारी मोहनपाल ने बताया कि पशु चिकित्सकों ने पिकअप में लोड अवशेषों की जांच करवाई गई थी। जोकि मुर्गे के निकले।


# जींद भाईचारा बैठक में पहुंचने के लिए जींद विधानसभा की 36 बिरादरी के लोगों का हार्दिक धन्यवाद : प्रदीप गिल



(विज्ञापन)

## खबर संक्षेप

### कैंप में बच्चों ने की फायरिंग की प्रैक्टिस

**जींद।** 15वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी के द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में सातवें दिन एनसीसी ट्रेनिंग के अलावा बच्चों को फायरिंग प्रैक्टिस करवाई गई। इस मौके पर फायरिंग के गुर भी कैडेट्स ने सीखे। एनसीसी अधिकारी मेजर जयभगवान दलाल ने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

### हेड टीचर मनीराम भुक्कल सेवानिवृत्त

**जींद।** गांव गतौली की राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के हैड टीचर मनी राम भुक्कल 35 वर्षो् की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने उन्हें पगड़ी बांध कर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संघ के पूर्व उप प्रधान दलबीर अल्याहान ने कहा कि मनीराम भुक्कल बहुत ही मिलनसार, ईमानदार, मेहनती एवं निष्ठावान अध्यापक हैं।

### टीम की जीत पर झूमे लोग, की आतिशबाजी

**उचाना।** बारबाडोस में 20-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को हरा चैंपियन बनी टीम इंडिया की जीत पर क्रिकेट प्रतियोगिता आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। टीम इंडिया ने रोमांचकारी मैच 7 रनों से जीता। 2007 के बाद टीम इंडिया ने 20-20 वर्ल्ड कप जीता है। क्रिकेट प्रतियोगिता को टीम इंडिया के विजेता बनने का पूरा यकीन था।

### मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन 7 जुलाई को

**नरवाना।** कस्बे के मॉडल टाऊन में स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में आगामी 7 जुलाई को निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करेगी।

### श्री श्याम गो चिकित्सालय ने लगाया वाटर कूलर

**नरवाना।** रविवार को कस्बे की गौ रक्षा दल द्वारा संचालित श्री श्याम गो चिकित्सालय के तत्वाधान से समस्त नरवाना शहर के सहयोग से विश्वकर्मा चौक पर शहीद उधम सिंह की मूर्ति के पास एक ठंडे पानी का कलर स्थापित किया गया। जिसका उद्घाटन गोरक्षा दल हरियाणा के प्रमुख आचार्य योगेंद्र महाराज व स्वामी ब्रह्मानंद महंत आर्य समाज राखीगढ़ी के कर कमल द्वारा किया गया। श्री श्याम गो चिकित्सालय के सदस्यों के द्वारा चौक पर ही मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया।

### कांग्रेस उम्मीदवारों के चेहरे पर दिखी रौनक

**उचाना।** लोकसभा चुनाव की तरह विस चुनाव में भी कांग्रेस द्वारा सर्वे के आधार पर टिकट देने के फैसले के बाद उचाना हलके से टिकट मांगने वालों के चेहरों पर रौनक नजर आने लगी है। अभी विस चुनाव दूर है लेकिन गांव-गांव चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार जाने लगे है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह को हिसार लोकसभा से टिकट नहीं मिल पाई थी।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आज रेलवे स्टेशन के पास

**सफीदों।** श्री श्याम कृपा सेवा समिति के तत्वावधान में आज सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन के पास निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के सचिख्व निशांत कंसल ने बताया कि शिविर में डा. रविंद्र शर्मा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हे उचित परामर्श देंगे।

### साइकिल चालक को कार चालक ने मारी टक्कर, मौत

**जुलाना।** गांव किलाजफरगढ़ गांव के पास खेत में जा रहे साईकिल चालक को कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।

### जिला के 624 अंत्योदय पात्र परिवारों को दी छह करोड़ 24 लाख की आर्थिक सहायता

# केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रतिबद्ध : डा. मिड्ढा

**100-100 वर्ग गज प्लाट के लिए दी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नए लाभार्थियों को भी मिली आर्थिक सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा।



जींद। लाभ पात्रों को सहायता राशि का चैक देते हुए विधायक।

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सरकार गरीब परिवारों का पूरा ध्यान रख रही है। सरकार अंत्योदय परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र व प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए नीतियां लागू कर रही है। गरीब परिवारों के हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित हैं। आयुष्मान और चिरायु जैसी योजनाओं से गरीबों के चेहरों से चिंता की लकीरें दूर हुई हैं।

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित योगा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में अलॉट किए गए 100-100 वर्ग गज के प्लाटों से वंचित जिला के 624 परिवारों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस प्रकार से जिला में प्लाटों के लिए कुल 6 करोड़ 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसी प्रकार से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नई पेंशन योजना और डा. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत पात्र लोगों को सहायता राशि प्रदान की गई। विधायक ने कहा कि वर्तमान में जिला के लगभग दो लाख 20 हजार नागरिक विधवा, बेसहारा, सामाजिक सुरक्षा व अन्य प्रकार की प्रकार की पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। सरकार लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बिना पर्ची और बिना खर्ची के मेरिट के आधार पर नौकरी प्रदान कर रही है।

### 624 पात्र परिवारों को दी एक-एक लाख की सहायता राशि

वर्ष 2008 में गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वालों को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लॉट आबंटित किए थे लेकिन उनमें से बहुत से ऐसे परिवार शेष रहेए जिनके प्लाट की रजिस्ट्री तो बन गई थी लेकिन प्लाट के लिए उचित जगह न होने के कारण प्लाट नहीं मिल पाए थे। अब ऐसे परिवारों को प्रदेश सरकार ने एक-एक लाख रुपए आर्थिक सहायता के रूप देने का निर्णय लिया है। जिला के ऐसे 624 पात्र परिवार हैं, जिनको एक-एक लाख रुपये सहायता राशि प्रदान की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उचाना खंड के गांव दुर्जनपुर के 136 तथा मोहनगढ़ के 62 पात्र लोगों को सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार से जींद खंड के घिमाना गांव के 39 को, गुलकनी के 21, कैरखेड़ी के 13 को सहायता राशि प्रदान की। इसी प्रकार से खंड नरवाना के गांव भाना ब्राह्मण से 47, भीखेवाला के 52, फरैण कलां के 53, धरोदी से 148 लोगों को सहायता राशि प्रदान की। भुराण के 50 लोगों को सहायता राशि प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिला के 132 पात्र लोगों को प्लॉटों के अधिकृत पत्र दिए जा चुके हैं। समारोह में एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने अपने संबोधन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पानीपत में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद डा. किरण, डिप्टी सीईओ प्रमोद कुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, कल्याण अधिकारी नरेंद्र और समाज कल्याण अधिकारी सरोज देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# झोलाछाप फिजियोथेरेपिस्टों पर लगाम की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


फिजियोथेरेपिस्ट डा. राजेश शर्मा

सफीदों शहर में झोलाछाप फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियोथेरेपी के फर्जी शिक्षण संस्थान कुकरमुत्तों की तरह से पैदा हो गए हैं। ऐसे में इन झोलाछाप फिजियोथेरेपिस्टों व फर्जी शिक्षण संस्थानों पर लगाम लगाने की मांग उठी है। सफीदों के जानेमाने फिजियोथेरेपिस्ट डा. राजेश शर्मा ने केंद्र व हरियाणा सरकार से इस प्रकार के झोलाछाप फिजियोथेरेपिस्टों पर कार्रवाई की मांग की है। डा. राजेश शर्मा ने बताया कि सरकार ने 31 मार्च 2020 को दी हरियाणा स्टेट फिजियोथैरेपी काउंसिल एक्ट 2020 लागू किया था जिसकी धारा 26 (1) के अनुसार किसी भी व्यक्ति को फिजियोथैरेपी प्रेक्टिस करने के लिए हरियाणा स्टेट फिजियोथैरेपी काउंसिल में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा ऐसा न करने पर जो व्यक्ति बिना रजिस्ट्रेशन के प्रैक्टिस करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ एक्ट की धारा 40(1) व 40(2) के तहत सजा का प्रावधान है। जिसमें 1 साल तक की कारावास व 2 लाख रुपये जुर्माना की सजा दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर फिजियोथैरेपी में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए कम से कम साढे.चार साल की बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी डिग्री की आवश्यकता पड़ती है जिसके लिए छात्र मेडिकल साइंस से 12वीं पास होना अनिवार्य है। सरकार ने इस एक्ट और नियमों को शिक्षा व प्रैक्टिस के मानदंडों को सुधारने व उनको कंट्रोल करने के लिए बनाया था।

### पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए किया हवन यज्ञ



**नरवाना।** आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल आर्य, कृष्णा एवं यशपाल आर्य ने भजन एवं गीतों में ईश्वर स्तुति, प्रार्थना, उपासना, श्रृष्टि रचना एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के सामाजिक, सांस्कृतिक धार्मिक, आध्यात्मिक ,साहित्यिक एवं राजनीतिक शुद्धिकरण का यशोगान किया गया। जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय परंपराओं में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण जीवन शैली सवारे्त्तम माना जाता है। इस वर्ष कड़ाके की ठंड एवं प्रचंड गर्मी ने प्रकृति के रौद्र रूप को सिद्ध कर दिया है। भोग विलास ऐश्वर्य आधारितभौतिक विकास की अंधी दौड़ में कंक्रीट के जंगल, सीमेंटेड धरातल, पेड़ पौधों का कटाव, पॉलीथिन प्लास्टिक कृत्रिम पदार्थ का अधिक दुरुपयोग ने प्रकृति और संस्कृति का भयंकर विनाश किया। परिणाम स्वरूप वर्षा होने से बाढ़ में सब जल मग्न हो जाते हैं या लंबे समय अकाल एवं अन्य प्राकृतिक तरस दिया बढ़ गई हैं।

# कार्यकर्ता मेरी सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। मीटिंग को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह साथ में खड़े पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

उचाना हलके में बीते कई दिनों से चल रहे कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए कार्यक्रम रजबाहा रोड स्थित पैलेस में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचे। यहां पर विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। गांव, बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने को लेकर भी चर्चा हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी ताकत मेरे कार्यकर्ता है। राजनीतिक जीवन में 52 साल में राजनीतिक के हर बुरे, अच्छे दौर में मेरे साथ रहे। जब पूरे प्रदेश में कांग्रेस की पांच सीट आई थी तो उस सीट में उचाना की सीट थी। राजनीतिक जीवन में हमेशा ईमानदारी से राजनीति की है। कभी द्वेष भावना से राजनीति नहीं की है। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जुलाई माह में हलके के सभी गांवों के दौरे वो कर लेंगे। अब तक जिन गांवों में वो गए है वहां पर कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों को पूरा प्यार, समर्थन मिल रहा है। अधिक से अधिक लोगों को हमें संगठन के साथ जोड़ना है। आज दूसरी पार्टियों के नेता, कार्यकर्ता कांग्रेस में आने के लिए तैयार है। कार्यकर्ताओं को बस उनसे बातचीत करने की देरी है। कांग्रेस बड़े बहुमत से आने वाले विस चुनाव में सत्ता में आएगी। इस मौके पर राममेहर दनौदा, प्रेम पहलवान, रमेश खटकड़, राजबीर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोशल मीडिया टीम की मीटिंग पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने लेते हुए कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया की राजनीति में अहम भूमिका है।

### आर्य समाज वैदिक सत्संग संपन्न

**सफीदों।** नगर के आर्य समाज मंदिर में मासिक वैदिक सत्संग संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान यादविंद्र बराड़ व संचखलन मंत्री संजीव मुआना ने किया। इस कार्यक्रम में भजनोपदेशिका बहन संगीता आर्या (उत्तरप्रदेश) तथा प्रवचनकर्ता स्वामी धर्मदेव महाराज ने शिरकत करके आर्य समाज की अलख जगाई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विशाल हवन किया गया, जिसमें लोगों ने आहुतियां डालकर समाज व परिवार की सुख-शांति की कामना की। अपने संबोधन में स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश गं्रथ आर्य समाज का मूल ग्रंथ है। आर्य समाज एक आदर्श वाक्य हैः कृण्वन्तो विश्वमार्यम। जिसका अर्थ है विश्व को आर्य श्रेष्ठ बनाते चलो।

# खेड़ी मंसानिया के लोगों को राहत

- उचाना खुर्द जाने के लिए नहीं काटना होगा लंबा चक्कर
- 60 लाख रुपये के करीब की राशि खर्च कर बनेगा 18 चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। खेड़ी मंसानिया से उचाना खुर्द को जाने वाली रास्ते को पक्का करने के लिए चल रहा काम।

खेड़ी मंसानिया के लोगों को उचाना खुर्द जाने के लिए अब लंबा चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। खेड़ी मंसानिया से लेकर उचाना खुर्द को जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का बनाया जाएगा। पीडब्लूडी द्वारा करीब 60 लाख रुपए खर्च करके इस रास्ते को बनाया जा रहा है। 18 फीट की चौड़ी बनने वाली सड़क का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों, किसानों एवं वाहन चालकों की मांग पूरी हुई है। दोनों गांव की दूरी 1700 मीटर के आस-पास है। खेड़ी मंसानिया के ग्रामीणों, वाहन चालकों को उचाना खुर्द जाने के लिए सेढ़ा माजरा या उचाना कलां होकर जाना पड़ता है। खेड़ी मंसानिया से सीधे उचाना खुर्द तक रास्ते बनने से करीब तीन से चार किलोमीटर की दूरी वाहन चालकों की कम होगी। ये मांग काफी सालों से करते आ रहे है। वाहन चालक राजा, सूबा, जगबीर ने बताया कि खेड़ी मंसानिया से उचाना खुर्द तक रास्ता पक्का बनने के बाद किसानों को खेतों में आने-जाने के लिए परेशानी नहीं होगी तो वाहन चालकों को भी दोनों गांव की दूरी कम होने से फायदा होगा। आने-जाने में समय की बचत होगी तो सीधे दोनों गांव के ग्रामीण, वाहन चालक आ-जा सकेंगे।


नरवाना। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

### कबीर प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन

**नरवाना।** हल्के के गांव राजगढ़ ढोबी में 5 गांवों जिसमें धमतान साहिब, राजगढ़ ढोबी, ढाबी टेक सिंह, कालवन, सुलहेडा समस्त धानक समाज द्वारा 627 वां कबीर प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी एवं इनेलो नेता अंकुश परोचा रेवर ने शिरकत की। अंकुश परोचा का समस्त धानक समाज द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। परोचा ने कबीर साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशिर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद वितरित कर सेवा की। अंकुश परोचा ने सभी को संत कबीर साहेब के द्वारा दी गई समाजिक शिक्षा का अपने जीवन में अनुसरण करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत कबीर साहेब एक कवि, महान समाज सुधारक एवं उच्च कोटि के विद्वान थे। हमें उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में सही रास्ते पर चलना चाहिए। कबीर साहेब शिक्षा समिति राजगढ़ ढोबी ने अंकुश परोचा द्वारा नरवाना हल्के में किए गए समाजिक कायोंर् का व्याख्यान किया। समस्त धानक समाज ने परोचा को कबीर साहेब का स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया व आने वाले समय में अंकुश का साथ देने का आश्वासन दिया।

# पिछड़े वर्ग की क्रीमिलेयर आय सीमा बढ़ाने पर सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक करते हुए सभा सदस्य।

मैढ सुनार सभा जींद ने एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा केंद्र सरकार की भांति रा'य सरकार के आरक्षण में पिछड़े वर्ग की क्रीमिलेयर आय सीमा छह लाख से बढ़ा कर आठ लाख करने तथा उस क्रीमिलेयर में वेतन व कृषि से संबंधित आय की छूट प्रदान करने पर आभार जताया है। सभा ने सरकार से मांग की है कि जल्दी से जल्दी से मुख्यमंत्री की इस घोषणा की अधिसूचना जारी की जाए ताकि सरकारी नौकरियो व शैक्षणिक दाखिलों में पिछड़े वर्ग के बच्चों को लाभ मिल सके। प्रधान सत्यनारायण सोनी, संरक्षक फूलसिंह वर्मा व बनारसीदस वर्मा, वित्त सचिव गौरव सोनी, तथा महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार में पिछडे. वर्ग की क्रीमिलेयर आय सीमा आठ लाख होने के बावजूद रा'य मे छह लाख करने से रा'य सरकार की नौकरियों में शैक्षणिक संस्थाओं में पिछडे.वर्ग के बच्चों को आरक्षण का कोई लाभ नही मिल पा रहा था।

# जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिला लोकसंपर्क संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक स्थानीय डीआरडीए सभागार में एक जुलाई को 11 बजे आयोजित होगी। प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री महीपाल ढांडा कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करेंगे और बैठक में रखे जाने वाले परिवादों की सुनवाई कर मौके पर ही निपटारा करेंगे। बैठक में कुल 17 परिवाद रखे जाएंगे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि बैठक में रखे जाने वाले परिवादों में गांव गांगोली निवासी सुभाष का परिवाद एनएचए से संबंधित है। इसी प्रकार से गांव खटकड़ निवासी कुलदीप का परिवाद राजस्व विभाग से, गांव धर्मगढ़ निवासी सुखविंद्र का परिवाद जिला शिक्षा अधिकारी से, गांव डिडवाड़ा निवासी महेंद्रो देवी का परिवाद पुलिस से, पि ल लू खे ड़ा निवासी रिषिपाल का परिवाद उप आबकारी एवं काराधान आयुक्त से, गांव टिटोखेड़ी निवासी प्रदीप का परिवार बिजली निगम से, गांव भाणा ब्राह्मण निवासी दर्शन का परिवाद बिजली निगम, गांव रूपगढ़ निवासी मेहरचंद का परिवाद सिंचाई विभाग से, बेलरखां गांव निवासी कुलदीप का परिवाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से, स्थानीय काठमंडी निवासी विजय कुमार व गांव उझाना निवासी नीलम का परिवाद कल्याण विभाग से संबंधित है।

# खेतों के कच्चे रास्तों को किया जा रहा पक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रामीण क्षेत्र में विकास कायोंर् पर प्रदेश सरकार जोर दे रही है। खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का किया जा रहा है। इसके अलावा भी करोड़ों रुपये की राशि प्रदेश सरकार ने गांवों में विकास कायोंर् के लिए जारी की है। कच्ची फिरनी पक्की करनेए चौपालों व श्मशान घाटों के लिए प्रदेश सरकार ने करीब 65 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें 58 जगह कच्ची फिरनी को पक्का करने के लिए 36 करोड़ दो लाख 37 हजार रुपये खर्च होंगे। रायचंदवालाए ढांडा खेड़ीए हैबतपुरए ईंटल खुर्दए झांझ खुर्दए जुलानीए बरसानाए ललित खेड़ाए निडानीए रामगढ़ए ब्राह्मणवासए बूराडहरए देवरड़ए गोसाईं खेड़ाए जैजैवंतीए खरैंटीए पड़ानाए पौलीए रामकलीए शादीपुरए सिरसा खेड़ी सहित कई गांवों में कच्ची फिरनी पक्की होंगी। वहीं 17 करोड़ 11 लाख 61 हजार रुपये श्मशान घाटों में 279 कायोंर् पर खर्च होंगे। इस राशि से श्मशान घाटों में पेयजलए चहारदीवारीए शेडए रास्ता पक्का करने सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। इनमें पांचों विधानसभा क्षेत्र के गावों के विभिन्न गांवों शामिल हैं। 11 करोड़ 68 लाख 87 हजार रुपये चौपालों पर खर्च होंगे। जिससे विभिन्न समुदायों की चौपालों की विशेष मरम्मतए निर्माण कार्य पूरा करने जैसे काम शामिल हैं।

### धान की रोपाई की तरफ बढ़ रहा है रुझान

# कपास की बिजाई से किसानों का मोह भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

- प्री-मानसून के बाद शुरू हुआ धान रोपाई का कार्य


उचाना। खेतों में की गई धान की रोपाई।

प्री-मानसून के बाद क्षेत्र में धान की रोपाई का काम शुरू हो गया है। प्री-मानसून के बाद अब मानसून ने भी हरियाणा में दस्तक दे दी है। धान की रोपाई के लिए किसान बारिश का इंतजार कर रहे थे। इस बार तापमान बढ़ने से किसानों द्वारा्र धान रोपाई के लिए तैयार की गई प्योद भी खराब हुई। किसानों को प्रति एकड़ 1500 से दो हजार रुपए का नुकसान भी हुआ।

अब बारिश के बाद किसानों ने धान रोपाई शुरू कर दी है। इस बार धान की रोपाई क्षेत्र में अधिक होगी क्योंकि कपास की फसल में कई सालों से बीमारी आने के चलते उत्पादन कम हो रहा है। ऐसे में किसान अब कपास की बिजाई करने की बजाए धान की बिजाई करने लगे है। घोघड़िया, कसूहन सहित आस-पास के गांव जहां धान की रोपाई कम होती थी वहां भी किसान धान की रोपाई करने लगे है। धान की फसल की अधिक पानी वाली फसल माना जाता है। इन गांवों में पानी की कमी रहती है लेकिन अब समय के साथ पानी के संसाधन होने के चलते इन गांवो के किसानों ने कपास की फसल से अपना रूख मोडते हुए धान की रोपाई करनी शुरू कर दी है।

उचाना निवासी किसान कुलबीर, अमरजीत, सुखबीर ने कहा कि कुछ सालों से कपास की फसल में बीमारी का प्रकोप आने से उत्पादन कम हो रहा है। ऐसे में किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान होता है। धान की रोपाई की तरफ अब रूझान बढ़ रहा है। जिस एरिया में धान की रोपाई नहीं होती थी वहां भी अब होने लगी है।

धान का उत्पादन उम्मीद के मुताबिक हो जाता है तो मंडी में आते ही फसल बिक जाती है। इसलिए कुछ सालों से कपास की बिजाई को छोड़ कर धान की रोपाई करने लगे है। दो दिन पहले हुई प्री-मानसून के बाद अब मानसून आने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### भारत की जीत पर झूमी दुनिया : मोरे

**सीवन।** भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप के महामुकाबले में दक्षिण अफ्रीका पर रोमांचक जीत के बाद जश्न मनाते हुए शहिद भगत सिंह क्रिकेट एकेडमी सीवन द्वारा मिठाईयां बांटकर व पटाखे फोडक़र खुशी मनाई गई। सीवन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन बालकृष्ण मोरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे देश का 17 साल लंबा इंतजार खत्म हो गया।

### मोदी है विश्व के सबसे लोकप्रिय व जनप्रिय नेता

**पूंडरी।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं व पूरे विश्व में उन्होंने भारत के नाम को गौरवान्वित किया है। यह विचार भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ०पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष हजवाना ने गांव म्यौली के बूथ नंबर 64 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्त्रम को सुनने के बाद पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए।

### पंजाबी युवा सभा द्वारा सुखा शांति के लिए यज्ञ किया

**पूंडरी।** पूंडरी की पंजाबी धर्मशाला में पंजाबी युवा सभा द्वारा क्षेत्र में सुखा शांति के लिए हवन व यज्ञ का आयोजन प्रधान दीपक नंदराजोग की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें समाज के लगभग 40 लोगों ने यज्ञ में आहुति डाली। हवन के बाद मीटिंग कर कार्यकारणी का विस्तार किया गया।

### रिटायर कर्मचारी संघ की मासिक बैठक संपन्न

**सीवन।** रिटायर कर्मचारी संघ खंड सीवन के सदस्यों की मासिक बैठक राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान नन्द लाल रहेजा ने की। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को कैशलैस मेडिकल और कम्यूटेशन के बारे में विस्तार से बताया।

### चार बच्चों सहित विवाहिता लापता

**कैथल।** जिले के एक गांव से 25 वर्षीय विवाहिता अपने चार बच्चों सहित लापता हो गई। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी 25 वर्षीय बेटी अपने चार बच्चों के साथ उसके पास आई हुई थी। 29 जून को सुबह के समय वह बच्चों सहित बिना बताए कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी है। उन्होंने अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

### किसानों ने किया धान रोपाई का कार्य शुरू

**राजौंद।** बरसात के बाद किसानों ने धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिया गया। धान का क्षेत्र होने के कारण रविवार को अधिकतर किसान खेतों में धान की रोपाई करते देखे गए। इन दिनों बरसात से भी किसानों के लिए एक नई सौगात लेकर आई है। जिससे किसानों ने धान रोपाई के कार्य को शुरू कर दिया है। पिछले कई दिन से पड़ रही भयंकर गर्मी की वजह से धान की पनीरी व खेत तैयार होने के बावजूद भी किसान धान की रोपाई करने की शुरूआत करने से अपने आप को रोके हुए थे।

---


1 से 7 जुलाई तक चलेगा, इको क्लब मिशन लाइफ रहेगा मुख्य उद्देश्य

# सात दिवसीय समर कैंप से विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी

समर कैंप का थीम इको क्लब मिशन लाइफ रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा पत्र जारी करके आदेश दिए हैं कि 7 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जाना है। यूथ एवं इको क्लब के तहत जिले के सभी प्राथमिक मिडिल और हाई एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में यह समर कैंप आयोजित किया जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने बताया कि यह कैंप 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच रहेगा। इसमें सभी विद्यालयों में इस समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप का थीम इको क्लब मिशन लाइफ रहेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक दिन के लिए विभाग ने पत्र जारी करके गतिविधि निर्धारित किया जिसके तहत पहले दिन का थीम स्वस्थ जीवन शैली रहेगा। इसके तहत विद्यार्थियों को आसपास की प्रकृति के बारे में उस स्थान पर जाकर बताया जाएगा। पहले दिन की गतिविधि में पौधारोपण का कार्यक्रम भी रहेगा जिसमें विद्यार्थी



डीइइओ सरोज कुमारी

विद्यालय परिसर में पौधारोपण करेंगे तथा विद्यार्थियों को छोटे-छोटे समूह बनाकर गांव के आसपास का भ्रमण करवाया जाएगा। उस क्षेत्र विशेष के बारे में चर्चा की जाएगी। दूसरे दिन का थीम 2 जुलाई टिकाऊ भोजन प्रणाली रहेगा जिसके तहत इस गतिविधि के तहत विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर किचन गार्डनिंग बनवाना बच्चों को स्कूल के वेस्ट से बेस्ट बनाने के लिए प्रेरित करना तथा विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली खरपतवार नाशक बनवाने के लिए प्रेरित करना। पौधारोपण का सारा रिकॉर्ड मेंटेन करना जो किचन गार्डनिंग में सब्जियां लगेंगे। उनको मिड डे मील में उन सब्जियों का प्रयोग करना रहेगा। तीसरे दिन 3 जुलाई को थीम इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को घटाना है

**सिंगल प्लास्टिक के प्रति करेंगे जागरूक**

सातवें दिन का थीम सिंगल प्लास्टिक के प्रयोग को न कहा जाएगा जिसके तहत सभी विद्यार्थी तथा अध्यापक विद्यालय में एक शपथ लेंगे जिसमें सिंगल प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध की बात रखी जाएगी। कैंप के लिए यूथ एवं इको क्लब की ग्रांट के तहत प्राथमिक स्कूल 500 मिडिल स्कूल 700 हाई एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 1000 की राशि खर्च कर सकेंगे। इस सात दिवसीय कैंप को खंड संसाधन संयोजक जिला सहायक परियोजना संयोजक बीआरपी यूथ एवं इको क्लब नोडल मॉनिटरिंग करेंगे।

विद्यार्थियों में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को इकट्ठा करने का कार्यक्रम चलाना है तथा इसको दोबारा से प्रयोग करने के बारे में बताया जाएगा। विद्यालय में एक इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट कलेक्शन प्वाइंट बनाया जाएगा तथा इनका विद्यालय स्तर पर रिकॉर्ड बनाना है। बच्चों को बताना है कि इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का हमारे पृथ्वी पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समर कैंप के 4 जुलाई का थीम कूड़ा कम करो रहेगा बच्चों को शामिल करके विद्यालय स्तर पर सफाई अभियान चलाना है। प्रत्येक कक्षा कक्ष में दो डस्ट बिन प्रणाली लागू करनी है। खिलौने 5 जुलाई का थीम ऊर्जा संरक्षण होगा जिसके तहत विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के बारे में बताया जाएगा कि ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा उत्पादन है। विद्यालय स्तर पर एक ऊर्जा संरक्षण टीम बनाई जाएगी जो विद्यालय में यह सुनिश्चित करेगी की कहीं बिना जरुरत के बल्ब और पंखे ना चल रहे हो। इस दिन बच्चे ऊर्जा संरक्षण पर पोस्ट इत्यादि बनाकर नोटिस बोर्ड पर या अपने-अपने कमरों में लगाएंगे जिससे ऊर्जा संरक्षण की जागरूकता को समझ में फैलाया जा सके। छठे दिन का थीम पानी बचाओ रहेगा इस दिन विद्यार्थी विद्यालय के सभी नल को चेक करेंगे यदि कहीं पानी की लीकेज है इसकी सूचना इको क्लब इंचार्ज अध्यापक को देंगे। इस दिन जल बचाओ अभियान पर एक रैली भी निकाली जाएगी जो समाज को जल बचाने हेतु जागरूक और प्रेरित करेगी। विद्यालय स्तर पर इस दिन विद्यार्थियों के दादा और दादी को बुलाकर उनके जीवन काल में जल संरक्षण के अनुभवों पर चर्चा की जाएगी ताकि विद्यार्थियों में जल बचाने के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। विद्यालय स्तर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में भी अध्यापकों द्वारा बच्चों को विशेष तौर पर बताया जाएगा।

---

# सैनी समाज ने किया समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



प्रतिभा-सम्मान समारोह में संयुक्त चित्र खिंचवाते सैनी समाज के लोग।

सैनी समाज की तरफ से प्रतिभा-सम्मान समारोह के तहत सैनी धर्मशाला पूंडरी में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्त्रम के तहत पिछले कुछ समय में अपनी मेहनत के दम पर सरकारी सेवा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता जय भगवान सैनी ने की । कार्यक्त्रम के लिए मंच का संचालन गणित प्राध्यापक सुशील सैनी एवं भूगोल प्राध्यापक फूल सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रियंका सैनी उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन, कनिका नेशनल डिफेंस अकादमी, सुमित सैनी असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार, शुभम सैनी असिस्टेन्ट एकाउंट ऑफिसर भारतीय खाद्य निगम चंडीगढ़, हर्ष सैनी वी.एल.डी.ए. पशुपालन विभाग, कमल सैनी आई.टी.आई. इंस्ट्रक्टर पूंडरी, हन्नी सैनी आई.टी. आई. इंस्ट्रक्टर अम्बाला तथा विशाल सैनी शिफ्ट अटेंडेंट बिजली विभाग में चयन के लिए संम्मानित किया गया एवं भविष्य में और कामयाबी हासिल करने के लिए शुभकामनाएं एवं प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जय भगवान सैनी ने भविष्य में भी नए बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजन करने की सलाह दी।

### स्टडी वीजा की जगह टूरिस्ट वीजा पर विदेश

**कैथल।** युवती को स्टडी वीजा की जगह टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजकर दो आरोपियों ने चार लाख 50 हजार रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद भी आरोपियों ने उसे निर्धारित की बजाय दूसरे देश में भेज दिया और वहां भेजकर और रुपये मांगने लगे। युवती को मजदूरी कर पैसे इक_ करके वापस आना पड़ा। मामले में पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव गढ़ी जिला हिसार निवासी कविता राणा ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह स्टडी वीजा पर एमबीए करने के लिए माल्टा देश में जाना चाहती थी। इसके लिए उसने अपनी मौसी की लडकी आशीना से बातचीत की। आशीना ने उसे बताया कि उसका जानकार पवन शर्मा है,

## गरीबों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की जा चुकी है। इसके तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य में अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता में कमी की जा सके। इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा। डीसी प्रशांत पंवार ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है। डीसी ने बताया कि इसी तरह जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

---

# गहरे गड्ढे से खफा दुकानदारों ने प्रशासन के प्रति रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

स्थानीय कैथल असंध मार्ग पर सड़क पर बने गहरे गड्ढे से खफा दुकानदारों ने प्रशासन के प्रति जमकर रोष जताया। लोगों ने कहा कि शासन व प्रशासन को बार बार अवगत करवाने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नही हो रहा। इस बारे दुकानदार सुरेंद्र, नरेश, संदीप, सतपाल, जोगेंद्र, सोनू, पाला, अंकित, बंटी, सुलर मिस्त्री ने बताया कि सड़क पर बने तीन तीन फुट तक गहरे गड्ढे जो बरसात के बाद पानी भरने के बाद नजर नही आते। जिसमें कई टू व्हीलर वाहन



चालक दुर्घटना का शिकार होते होते बचे है।

लेकिन संबधित विभाग इस ओर लंबी तान कर सोया हुआ है। दूसरा उनकी दुकानों के आगे पानी भरा रहने से उनका धंधा चौपट होकर रह गया है। सड़क एवं भवन विभाग द्वारा बनाए गए नाले केवल शोपीस बनकर रह गए है।

# शहरी एवं ग्रामीण विकास को लेकर सरकार गंभीर

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जिस प्रकार विकास को गतिमान किया जा रहा है उससे राज्य को एक नई पहचान भाजपा ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक कमलेश ढांडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने केंद्र एवं राज्य सरकार विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जिस प्रकार विकास को गतिमान किया जा रहा है उससे राज्य को एक नई पहचान भाजपा ने दी है। वे रविवार को कलायत में कर्मचारी नेता सुशील शर्मा के आवास पर पत्रकारों से



कलायत में भाजपा विधायक कमलेश ढांडा का स्वागत करते पदाधिकारी-कार्यकर्ता

बातचीत कर रही थी। इससे पहले वे शर्मा आवास पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पार्टी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया है। इसके तहत उन्होंने भगवान कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में पौधा रोपण किया। इस दौरान भाजपा विधायक कमलेश ढांडा ने अपनी भविष्य की राजनैतिक स्थिति के पत्ते खोले। उन्होंने कहा कि वे कार्यकताअरं के साथ विधानसभा की जिम्मेवारी संभालने में सक्षम हैं। इसलिए वे अपने लिए ही पार्टी के सामने चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश कर रही हैं। भाजपा लग्न और मेहनत से काम करने वाले कार्यकताअरं को सम्मान देना जानती है। उनकी ससुराल सहित जिन बूथों पर भाजपा चुनाव हारी उन हालातों को चुनौतिपूर्ण ढंग से लेते हुए पदाधिकारी-कार्यकर्ता जीत में बदलने का काम करेंगे। निश्चित तौर से हर बूथ मजबूत होगा। इस अवसर पर कर्मचारी नेता सुशील शर्मा, हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंगला, श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी प्रधान राजू कौशिक, ललीत शर्मा, बंटी निर्मल, राजकुमार शर्मा, महीपाल पंवार, नितिन बैदी, बिट्टू शर्मा और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करवाने के नाम पर की ठगी

**कैथल।** क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करवाने के नाम पर अज्ञात आरोपी ने एक युवक के मोबाइल पर आया ओटीपी व अन्य डिटेल पूछ ली। बाद में उसके खाते से 41 हजार 441 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव थेह बनहेडा निवासी अमन कुमार ने चीका थाना में शिकायत दी कि कुछ दिन पहले उसने एक बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाया था। 28 मार्च को वह अपने घर पर था। तभी एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने पूछा कि क्या आपका क्रेडिट कार्ड रिसीव हो चुका है। इस पर उसने हां कह दिया। फिर आरोपी ने कहा कि आपका क्रेडिट कार्ड एक्टिव नहीं हुआ है उसकी वेरिफिकेशन से संबंधित आपके पास कॉल की गई है।

---

# मोदी ने बढ़ाया देश का गौरव: अशोक

- कहा : मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज में आई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया है मन की बात की लोकप्रियता सामाजिक कार्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान को दशार्ती है। दुनिया भर में नरेंद्र मोदी के मन की बात गूंजी है और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता का संकेत मिलता है कि लोगों ने इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा कि मन की बात का यह कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं और किसानों जैसे कई सामाजिक समूहों



ढांड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर का स्वागत करते ग्रमीण

को संबोधित करते हुए सरकार के नागरिक पहुंच कार्यक्रम का एक प्रमुख स्तंभ बन गया है और सामुदायिक कार्रवाई को प्रेरित किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड गांव के बूथ नंबर-18 पर राजेंद्र वाल्मीकि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताअरं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम 111वें संस्करण को सुन रहे थे।जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने सभी जिलावासियों से आह्वान किया कि इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन में अपना योगदान अवश्य दें।

### पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रख रखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ॠ ण दिया जाता है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना फ्यिन्वित की जा रही है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे पशुधन किसान फेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। डीसी ने बताया कि पशुधन किसान फेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान फेडिट कार्ड के माध्यम से ॠ ण प्राप्त कर सकता है।

# दलबीर राठी बने हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के राज्य संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का 7वां राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन (चुनाव कार्यक्रम) 29/6/2024 को डा. भीमराव अम्बेडकर भवन महेन्द्रगढ़ में हुआ। इसमें डा. दिनेश निंबरिया को प्रधान, राजेश पेटवाड को राज्य कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार को राज्य महासचिव व कैथल से दलबीर राठी को राज्य संयोजक के पद पर चुना गया।

हजरस कैथल के जिला अध्यक्ष राजबीर पाई, राजेश सिंहमार, ओमप्रकाश बेरवाल, कृष्ण सिरोही, रामेश्वर दास, विजेन्द्र , इन्द्र सिंह



**कैथल।** दलबीर राठी व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत करते सहयोगी

धानिया, सुरेश द्राविड़, रघुबीर मैहरा, सुमन तंवर, राजबाला रंगा आदि अध्यापक साथियों ने दलबीर राठी को राज्य संयोजक बनाए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। दलबीर राठी एक मेहनती, ईमानदार व कर्मठ साथी है और अध्यापकों व सामाजिक मुद्दों को उठाने में सदा अग्रणी रहता है। इनके राज्य संयोजक चुने जाने पर हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ओर मजबूत होगा।

---



## पूंडरी हलके के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राजनीति में आएं हैं : हरपाल पहलवान

**पूंडरी।** पूंडरी हलके के वरिष्ठ नेता भाई हरपाल सिंह पहलवान फतेहपुर गांव पाई में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया, बल्कि उनको अपना समर्थन भी दिया और कहा कि हलके की जनता को ऐसे ही नेता की जरूरत है जो न केवल हलके का है, बल्कि हलके के सुख-दुख का साथी बना हुआ है। इस अवसर पर हरपाल ने कहा कि हलके पूंडरी के गांव की जनता का उनको भरपूर समर्थन मिल रहा है। हलके की जनता भी इस बार हलके में बदलाव चाहने लगी है और वह हलके के व्यक्ति को ही हलके की जिम्मेवारी सौंपना चाहती है। उन्होंने कहा कि उनका राजनीति में आने का मकसद भी केवल हलके का पिछड़ापन है। पूंडरी हलका पूरी तरह से पिछड़ा हुआ है, चाहे वह विकास के मामले में हो या रोजगार के मामले में। हलके के युवाओं की अनदेखी उनसे देखी नहीं गई। आज हमारा युवा बेरोजगार घूम रहा है। बुरी लत में घसते जा रहे हैं। दूसरे हलके के युवा खेलों में आगे बढ़ रहे हैं। रोजगार ले रहे और हमारा युवा नशे में पड़कर अपनी व अपने परिवार की जिंदगी बर्बाद कर रहा है।

# चिकित्सक को दिया गया है भगवान का दर्जा

- रोते को हंसाने का फन रखते हैं चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

केंद्र सरकार ने साल 1991 में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इस दिन महान चिकित्सक डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय की पुण्यतिथि भी होती है। उन्हीं को याद करते हुए और डॉक्टर्स के लिए कृतज्ञता दिखाते हुए ये खास दिन मनाया जाता है। डॉ. बिधानचंद्र रॉय एक महान डॉक्टर थे जो पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी रहे। डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय ने महात्मा गांधी के कहने पर राजनीति में कदम रखा था। वो एक महान समाजसेवी, आंदोलनकारी और अच्छे राजनेता भी थे।

### रोते मरीज को हंसा सकता है डाक्टर



अस्पताल के निदेशक डा. एमएस शाह ने कहा कि डाक्टर ही एक ऐसा इंसान है जो रोते हुए मरीज को हंसा सकता है। मरीज को बचाने के लिए डाक्टर अपनी खुद की भी परवाह नहीं करता तथा सभी कुछ दांव पर लगा देता है। आपात स्थिति के दौरान कई बार डाक्टर को भी कड़ी परीक्षा से गुजरना होता है लेकिन उसका लक्ष्य केवल मरीज को बचाना होता है।

### जीवन बचाने को करते हैं कडी मेहनत : डा. जसजीत



सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डा. जसजीत सिंह ने कहा कि एक सफल डॉक्टर बनने के लिए कई त्याग और कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। तभी जाकर एक डाक्टर मरीज के होठों पर हंसी ला सकता है। डाक्टर दिवस की बधाई देते हुए गर्ग ने कहा कि सभी चिकित्सकों को चाहिए कि वे अपने पेशे को पूरी ईमानदारी व मेहनत से करें।

### नि:स्वार्थ भाव से करते हैं सेवा : डा. अश्विनी



जनता मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डा. अश्विनी गोयत ने सभी जिलावासियों को डाक्टस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ागवान सबके जीवन की रक्षा खुद नहीं कर पाते इसलिए इस दुनिया में अपने रूप में डॉक्टर को भेज दिया। उन्होंने कहा कि सभी डाक्टर्स नि:स्वार्थ भाव से मरीज की सेवा करते हैं। मरीजों को भी डाक्टस को सम्मान देना चाहिए।

### डाक्टर जाति व धर्म से ऊपर उठकर करता है इलाज



सिग्नस अस्पताल कैथल की फिजियोथेरेपिस्ट डा. ऊषा जांगड़ा ने सभी प्रदेशवासियों को डाक्टर दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर कभी भी आपकी जाति या धर्म को देख इलाज नहीं करता, उसकी नजर में सभी एक जैसे होते हैं। यही कारण है कि एक सही डाक्टर इन सबसे ऊपर उठकर अपने पेशे से प्यार करता है।



## टाबर उत्सव में विद्यार्थियों ने निखारी प्रतिभा

**कैथल।** टाबर उत्सव2024 का आयोजन शिक्षा विभाग हरियाणा एवं कला व सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में 22 जिलों के 22 विद्यालयों मे एक जून से 30 जून तक कक्षा 9वी से 12वीं में पढ़ने वाले 50 विद्यार्थियों के लिए किया गया। जिला कैथल में इसका आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता में निशुल्क किया गया। इस उत्सव को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। उन्होंने इस उत्सव का समय-समय पर निरीक्षण कियाऔर विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं का स्वयं ध्यान रखा। डॉ विजय लक्ष्मी ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में कला व हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एवं विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने की दृष्टि से इस उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकसित करना है ताकि विद्यार्थी भविष्य में इसे रोजगार के रूप में ले सकें। 30 जून को समापन समारोह केमुख्य अतिथि जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर सुशील कुमार एवं अधीक्षकसुरेश कौशिक रहे।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग स्थानों से महिला व युवती गायब

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला तथा एक युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव अमरहेड़ी में किराये पर रह रहे व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव गतौली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### ईडब्ल्यूएस में किया जाए आरक्षण का वर्गीकरण

**जींद।** ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा ने रविवार को रानी तालाब के पास एक निजी होटल में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि हरियाणा में ईडब्ल्यूएस के आधार पर जो आरक्षण दिया गया है उसका बीसी समाज को दिए गए आरक्षण की तरह वर्गीकरण किया जाए। गुरप ए व ग्रुप बी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस में आरक्षण का वर्गीकरण किया जाए।

### विस चुनाव को लेकर आप ने बांटा हलका

**उचाना।** रजबाहा रोड स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में आप वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। मुख्य तौर पर आप के राज्यसभा सदस्य एवं हरियाणा प्रभारी संदीप पाठक की टीम के सदस्य रोहतक जोन इंचार्ज सदाम पहुंचे। मीटिंग में हलके को चार जोनों में बांटा गया। पंजाब के चार चेयरमैनों को एक-एक जोन का इंचार्ज बनाया गया। जोन इंचार्जों के साथ वीरेंद्र प्रधान, आयुष खटकड़, हरपाल अलेवा, पवन फौजी रहेंगे।

### क्लब फुट एक जन्मजात दोष : डा. रमनदीप

**राजौंद।** गांव जाखौली की आंगनबाड़ी केंद्र में आरबीएस के टीम द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के माता पिता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान डा. रमनदीप ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात दोष है, जिससे ग्रस्त बच्चों के पांव जन्म से ही अंदर की तरफ मुडे होते है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि इस बीमारी का इलाज संभव है और आर बी एस के टीम के माध्यम से इसका इलाज करवा सकते है।

### सुरेश बने विप्र फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष

**कलायत।** विप्र फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा फिर से कलायत अनाज मंडी के युवा व्यापारी सुरेश शर्मा को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने प्रांतीय अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ, प्रांतीय उपाध्यक्ष अंकुर निर्मल और दूसरे पदाधिकारियों के प्रस्ताव पर यह नियुक्ति की। दूसरी बार सुरेश शर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर फाउंडेशन पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम लोगों में खुशी है। जिला अध्यक्ष ने हमेशा समाज सेवा के साथ-साथ फाउंडेशन के लक्ष्य को लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है।

## एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

# जींद में 76759 लोगों की हुई जांच, 2400 गंभीर श्रेणी में मिले

- अभियान के तहत अलग-अलग दस श्रेणी के तहत की जा रही है जांच
- खून की कमी मिलने पर उन्हें मौके पर ही दवाइयां दी
- ग्रामीण स्तर तक बच्चों से लेकर बड़ों तक आयरन की पूरक मात्रा देना अभियान का उद्देश्य : डा. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत जांच करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी।

हरियाणा प्रदेश को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत सौ दिन (तीन माह) तक सीएमओ डा. गोपाल गोयल व पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान के दिशा-निर्देशन में जिलेभर के नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सब सेंटर व आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनमें प्रशिक्षित गठित टीमें जांच कर रही हैं। जांच में जिन लोगों को भी खून की कमी मिल रही है, उन्हें मौके पर ही दवाइयां दी जा रही हैं। इसके अलावा कोई अति कुपोषित श्रेणी में आता है तो उसे तुरंत उपचार शुरू करवाया जा रहा है। जिससे उनका बेहतर इलाज हो सके। अभियान के तहत अबतक कुल 76759 लोगों की जांच की जा चुकी है। जिनमें 2400 लोग गंभीर श्रेणी में पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत प्रभाव से इन लोगों का उपचार शुरू कर दिया है। वहीं 35510 लोग सामान्य श्रेणी के मिले हैं। 13701 लोग नोर्मल से थोड़ा ज्यादा, 25148 मध्यम श्रेणी के मिले हैं। जिन्हें मौके पर ही दवाइयां दी जा रही है।

### 100 दिन चलेगा अभियान

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा प्रदेश को एनीमिया मुक्त करने का अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मकसद ग्रामीण स्तर तक बच्चों से लेकर बड़ों तक आयरन की पूरक मात्रा देना है। इस 100 दिन एनीमिया मुक्त अभियान में ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि प्रदेश में दूध व दही की प्रचूर मात्रा होने के बावजूद यहां पर पर एनीमिया के रोगी क्यों मिल रहे हैं। एनीमिया एवं कुपोषण से बचने के लिए जरूरी है कि आयरन और विटामिन बी-12 से भरपूर संतुलित व पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। बेहतर स्वास्थ्य ही जीवन को खुशहाल बनाता है।

### दस श्रेणी में हो रही है जांच

एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के नोडल अधिकारी डा. नवनीत ने बताया कि अभियान में कुल 10 श्रेणी में जांच की जा रही है। जिनमें छह से 59 माह, पांच से नौ साल, दस से 19 साल, वुमेन रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप, प्रेगनेंट महिला, बच्चे को दूध पिलाने वाली महिलाएं शामिल हैं। साथ ही एक अलग कैटेगरी भी बनाई गई है, जिसमें किसी भी आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। इन कैटेगरी के अनुसार 100 दिनों तक एनीमिया की जांच की जाएगी।

### बचाव के उपाय

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अनीमिया से बचाव के लिए संतुलित भोजन व मौसम के अनुसार उपलब्ध फल व सब्जी का सेवन करना चाहिए। पालक, गाजर, चुकंदर, गुड़, चना दाल आदि का सेवन करना चाहिए। वह खाद्य पदार्थ जिसमें आयरन भरपूर मात्रा में हों, इनका सेवन से यह बीमारी ठीक हो सकती है। इसके अलावा खून में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच व उपचार करवाएं, प्रतिदिन हरी सब्जियां, फल, अनाज और दालें खाने व व्यायाम से एनीमिया को दूर किया जा सकता है। एनीमिया मिलने पर आयरन की गोली व सिरप की आयु वर्ग अनुसार निर्धारित खुराक लें, आंत के कीड़ों के लिए हर छह माह में एल्बेंडाजोल की गोली लेनी चाहिए।



### यह हैं एनीमिया के लक्षण

*जल्दी थक जाना व सांस फूलना, सुस्ती व नींद आते रहना, जल्दी-जल्दी बीमार पड़ना, पढ़ाई, खेलकूद व अन्य कार्यों में मन न लगना, भूख न लगना, चक्कर आना, जीभ, हथेलियों व आंखों में सफेदपन इसके लक्षण हैं।* **-नोडल अधिकारी डा. नवनीत**, *एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के*



जींद। बैठक में भाग लेते हुए व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

## व्यापारियों से मांगी जा रही फिरौती को लेकर जताया रोष

- आगजनी एवं अन्य दुर्घटना व उनके नुकसान की भरपाई के लिए खुद का बनाएंगे कोष : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

व्यापार मंडल जींद कार्यकारणी की बैठक प्रधान अनिल अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में व्यापारी हित के अनेक गंभीर मुद्दों पर मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल जींद के सरंक्षक ओमप्रकाश भारद्वाज ने की। प्रधान अनिल अग्रवाल ने प्रदेश के व्यापारियों को आए दिन फिरौती की धमकी दिए जाने और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था पर चिंता प्रकट करते हुए सरकार से तत्काल कानून व्यवस्था मे सुधार करने की मांग की है। महासचिव मनोज अरोड़ा ने बताया की बैठक में व्यापारियों के साथ आगजनी एवं अन्य दुर्घटना व उनके नुकसान की भरपाई के लिए गंभीरता से मंथन हुआ और सर्वसम्मती से फैसला लिया गया है कि सरकार के पास इस मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे व सरकार की बीमा योजना पर मंथन करेंगे व अपना खुद का एक कोष बनाने की भी जल्द शुरुआत करेंगे ताकि आगजनी की चपेट मे आए व्यापारी की तत्काल आर्थिक मदद की जा सके। जिससे वो पुनः अपना व्यापार शुरू कर सके। जल्द इसके लिए कोष इकट्ठा करना शुरू किया जाएगा। व्यापार मंडल जींद के प्रवक्ता व मेन बाजार के प्रधान राजू लखीना ने संगठन का विस्तार व मजबूत करने हेतु अपने सुझाव रखे व विभिन्न संगठनों द्वारा हर साल ले जा रहे टूर को और आकर्षक बनाने के भी सुझाव दिए व व्यापारी के व्यापार बढ़े, इसके लिए खुद व परिवार को ऑनलाइन सामान न मंगवाने की अपील की।

## खूंगा से श्रद्धालुओं को बस में बैठाकर हरिद्वार के लिए किया रवाना : रेढू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और समाजसेवी बलजीत रेढू ने अपनी 100 दिन की मुहिम के तहत 11 हजार लोगों को मुफ्त गंगा स्नान करवाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में रविवार को जींद के खुंगा गांव से सैकड़ों महिलाओं को बसों में बैठा कर हरिद्वार के लिए रवाना किया गयाए ताकि वे गंगा में स्नान कर सकें। बलजीत रेढू ने कहा कि जींद के बुजुर्गों माताओं और बहनों को गंगा स्नान करवाने से मुझे आत्मिक सुकून मिलता है। यह सुकून मुझे उनके बेटे, भाई और रक्षक के रूप में मिल रहा है। भगवान ने मुझे जितनी सामर्थ्य दी है वो उसका उपयोग समाजसेवा में कर रहे हैं। चाहे वह बुजुर्गों और महिलाओं को मुफ्त गंगा स्नान करवाना हो,या जींद की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए मुफ्त बस सेवा प्रदान करना, या फिर जींद के प्यासे लोगों के लिए मुफ्त जल सेवा का प्रबंध करना हो वो हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि समाज सेवा का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक भगवान मुझे इसकी सामर्थ्य देते रहेंगे।

## भाईचारा बैठक में जनसैलाब ने दिया प्रदीप गिल को आर्शीवाद

### जनता ने मौका दिया तो बदलेंगे जींद की तकदीर व तस्वीर : प्रदीप गिल

- भाईचारा बैठक में उमडी भीड़ ने दिया बड़ा राजनीतिक संदेश, बैठक सम्मेलन में हुई तबदील
- जींद के विकास में दो-तीन परिवार सबसे बड़ा रोड़ा, सत्ता मिलने के साथ बंद हो जाते हैं उनके दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदीप गिल। फोटो: हरिभूमि

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप गिल ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी तथा जनता ने उन्हें मौका दिया तो वे जींद की तकदीर तथा तस्वीर बदलने का काम करेंगे। यह तभी संभव है जब जींद विस के लोग उन्हें राजनीतिक ताकत देंगे। दो या तीन परिवारों के ईद-गिर्द घूमती राजनीति ने जींद के हालात बद से बदतर बना दिए है। प्रदीप गिल ने रविवार को भाईचारा बैठक मे अपनी ताकत का आंकलन करने के साथ भारी भीड़ जुटा कर जींद विस पर अपनी दावेदारी को पेश किया। भीड़ के हिसाब से भाईचारा बैठक सम्मेलन में तबदील हो गई। प्रदीप गिल ने अपनी बडी भीड जुटा कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश भी दिया। राजनीतिक मायनो में जींद विस से कांग्रेस की टिकट की लाइन में लगे टिकटार्थियों के साथ विपक्षी दलों के भी पसीने छुड़ा दिए। टीम वर्क के साथ फिल्ड में उतरे प्रदीप गिल ने जींद विस में अपनी मजबूत पकड़ को साबित किया है। भाईचारा बैठक में हर गांव तथा हर जाति का व्यक्ति मौजूद था। जिसमें युवा के साथ बुजुर्ग तथा मातृशक्ति भी शामिल थी। जो लोग भाईचारा बैठक में पहुंचे व अपने स्तर पर आए थे। तीन घंटे चली भाईचारा बैठक में प्रदीप गिल के प्रति लोगो का उमडा प्यार का गवाह रहा।


### विकास को लेकर अभी दरवाजे बंद कर दिए

प्रदीप गिल ने भाईचारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक जो लोग सत्ता का सुख भोग कर जनसमस्याओं तथा विकास को लेकर दरवाजे बद कर लेते हैं, उन्हें चलता करने का समय आ गया है। वोट विकास के नाम लेते हैं। सत्ता मिलते ही उनके दरवाजे जनता के लिए बंद हो जाते हैं। जींद ने न कोई बडा उद्योग, न रोजगार के साधन, कोई बड़ा शिक्षण संस्थान नही। स्वास्थ्य सेवा रेफरल बनी हुई है। हर स्तर पर शहर के हालात गांव से भी बदतर है। इन बदतर हालातों के लिए वे लोग जिम्मेवार हैं, जिन्होंने सत्ता का सुख भोगा ओर जींद के विकास के लिए कुछ नही किया। दो या तीन परिवारो को छोड़ कोई जींद के विकास के बारे में नही सोच सकता। अगर कोई अच्छा युवा नेक सोच के साथ आगे आए तो जींद को अपनी पहचान दिला सकता है। जनता भाजपा से तंग आ चुकी है। जिसका विकल्प कांग्रेस है। जो छत्तीस बिरादरी तथा हर वर्ग का ख्याल रखती है। आने वाले समय में भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## सफीदों के गांव व बहादुरगढ़ में सुनी मन की बात

- एक पेड़ मां के नाम अभियान की करी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए जसमेर रजाना व एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरूआत करते हुए जसमेर रजाना। फोटो :हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी योजना के जिला संयोजक व सफीदों विधानसभा के वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना ने सफीदों विधानसभा के गांव बहादुरगढ़ में बूथ नंबर 86 पर मन की बात को सुना व एक पेड़ मां रामकली देवी के नाम अभियान का पौधा लगा कर शुभारंभ किया और सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वो सभी भी एक-एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने का काम करें। गांव में पहुंचने पर ग्रमीणों ने युवा नेता जसमेर रजाना का फूलमालाओं से स्वागत किया। रजाना ने ग्रामीणों को बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार बनने जा रही है। जिस प्रकार मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यमंत्री बनते ही 36 बिरादरी का सम्मान करने का काम किया है चाहे किसान, मजदूर, गरीब, व्यापारी व कर्मचारी हर वर्ग के लिए जनहित में प्रतिदिन नए नए फैसले लेने का काम मुख्यमंत्री नायब सैनी कर रहे हैं। प्रत्येक जिले में हेडक्वार्टर पर व तहसील पर समाधन शिविर का आयोजन प्रत्येक दिन सुबह 9 से 11 बजे तक किया जा रहा है। जिसमे हमारे जिला उपायुक्त व सभी तहसीलों में एसडीएम आमजन की समस्याओं को सुन कर उनका समाधान कर रहे हैं। रजाना ने बताया कि मुख्यमंत्री की हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हर वर्ग के लिए घोषणा की है। जिसके तहत शहीद परिवारों के आश्रितों को सरकारी नोकरी की घोषणा की है। अबतक 371 नोकरियां दी गई हैं। वीर शहीद सम्मान योजना को मंजूरी दी गई है। पुलिसकर्मियों के यात्रा भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। जिसके अंतर्गत 10 दिन की बजाय 20 दिन का यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

## जनकल्याण मंच का प्रदेश अध्यक्ष धर्मबीर भनवाला को मनोनित किया

- कंडेला ने जनकल्याण मंच प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए टेकराम कंडेला। फोटो : हरिभूमि

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जनकल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने घोषणा करते हुए कहा कि जनकल्याण मंच का प्रदेश अध्यक्ष धर्मबीर भनवाला को बनाया गया है। इसके साथ जनकल्याण मंच के प्रदेश प्रभारी सुभाष बड़सीकरी को बनाया गया है, जनकल्याण मंच के वरिष्ठ उप प्रधान रोशन लाल शर्मा व उप प्रधान धर्मपाल खटकड़, कुलबीर ढिल्लो, मेहताब सिंह अहलावत, प्रदेश महासचिव पद पर जगदीश खटकड़, कृष्णा नंबरदार, रामनिवास डाहौला व संगठन सचिव महेंद्र रेढू उदयपुर को बनाया गया है। इसके साथ हरियाणा के मंच के प्रवक्ता विनोद शाहपुर व नीरज छात्तर को घोषित किया गया है। इसके साथ कंडेला ने प्रदेश के कई जिला प्रधानों की सूची भी जारी की। जिसमें जिला जींद से अजमेर रेढू, हिसार से राजवीर श्योराण व फतेहाबाद से अशोक ढिल्लो, कुरुक्षेत्र से किशनलाल ढांडा, कैथल से मनोज ढुल, भिवानी से विजयपाल, पानीपत से जितेंद्र नौल्था, फरीदाबाद से हरपाल सैनी, करनाल से सुल्तान मलिक, गुरुग्राम से धर्मवीर रेढू इन सभी को मंच का जिला प्रधान नियुक्त किया गया है।

## मां के नाम पर पौधा लगाना गर्व की बात : कर्मवीर सैनी

- वीर भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यककर्ताओं को संबोधित करते हुए कर्मवीर सैनी।

वीरभवन सफीदों में सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 111वीं प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री ने सभी लोगों से अपनी मां के नाम एक-एक पौधा लगाने का आह्वान किया। कान्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि मां के नाम पर पौधा लगाना गर्व की बात है। कर्मवीर सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में आदिवासी लोगों के बारे में व खिलाड़ियों के बारे में बताया। आदिवासी लोग अपनी मेहनत से देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। सैनी ने कहा कि सरकार ने पिछड़े वर्ग के लिए जो फैसले लिए हैं, वह बहुत ही सराहनीय हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में ही अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की जो बात कही है। उससे कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। नायब सैनी सरकार ने समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करने का जो ऐतिहासिक फैसला लिया हैए उससे जनता की समस्याएं खत्म हो रही हैं। इसके अलावा भाजपा ने गरीब लोगों को 100-100 के प्लाट देने की योजना फिर से शुरू की है। जिन लोगों को प्लाट नहीं मिल रहेए उनको एक-एक लाख रुपये की राशि दी जा रही है।

**कार्यक्रम** पीड़ित बोलाः हाथ पैर तोड़ने के लिए विनोद ने बदमाशों को दी थी 3 लाख में सौदा

## महापंचायत ने की प्रवीण शर्मा पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। ब्राह्मण समाज की बैठक में उपस्थित लोग। फोटो: हरिभूमि

शहर के बालाजी कॉलोनी निवासी डेयरी संचालक प्रवीण कुमार पर हमले के विरोध में रविवार को सीवन गेट की जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में हुई। महापंचायत में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हमले की कड़ी निंदा की। पंचायत की अध्यक्षता गांव क्योड़क के पूर्व सरपंच मोहनलाल शर्मा ने की। हमले के आरोपी विनोद कठवाड़ के विरुद्ध पंचायत में लोगों ने गुस्सा जाहिर किया, लेकिन एक सुर से उसके खिलाफ कोई फैसला नहीं हो सका। पंचायत में पीड़ित प्रवीण शर्मा ने पंचायत के सामने आपबीती बताई कि किस तरह विनोद ने गुंडे भेज कर उसे पर हमला करवाया और पत्नी सहित उसे चोटें मारी। प्रवीण ने बताया कि विनोद ने बदमाशों से उसकी दोनों बाजू और दोनों टांगें तोड़ने के लिए 3 लाख रुपए की सुपारी दी थी। जिसमें से उन्हें गूगल पर व नगदी के माध्यम से डेढ़ लाख रुपये अदा भी कर दिए थे। बाकी रुपए वारदात के बाद देने थे। बदमाशों के साथ हुई चैट और नगदी देने के सभी सबूत पुलिस और उसके पास मौजूद है। प्रवीण ने इस मामले में एक पुलिस कर्मचारी रामबीर का नाम भी उजागर किया। प्रवीण ने बताया कि उसने कभी भी विनोद या उसके बेटे के खिलाफ आरटीआई नहीं लगाई। उसने बस उसके खिलाफ चुनाव लड़ा था जिसकी रंजिश के कारण उसे पर हमला करवाया गया। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश सचिव शकुंतला शर्मा ने भी विनोद पर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें भी उसने एक झूठे केस में फसाया था। पार्षद स्कूल सुशील शर्मा ने भी बताया कि विनोद ने उसकी नौकरानी को बहका कर उसे पर अनुसूचित जाति अधिनियम लगवा दिया था। ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष व विनोद के भाई पवन शर्मा पहलवान ने कहा कि वह हमले की निंदा करते हैं।

### निंदा तक ही सिमट गई पंचायत, नहीं हुआ कोई फैसला

पंचायत की अध्यक्षता करते हुए मोहनलाल शर्मा ने कहा कि सबसे पहले पीड़ित यह बताएं कि उसने किस उद्देश्य से पंचायत का आयोजन किया है और वह समाज की इस मामले में क्या मदद चाहता है। प्रवीण शर्मा व राजू डोहर ने विनोद के खिलाफ फैसला लेने का अधिकार समाज की पंचायत को सौंप दिया। वक्ताओं ने पवन शर्मा पहलवान से विनोद को लेकर खूब सवाल जवाब किए। यहां तक कहा गया कि वह विनोद का पक्ष लेने के लिए ही पंचायत में आए हैं, लेकिन पवन शर्मा ने इन सभी बातों का खंडन करते हुए कहा कि वह न तो प्रधान होने के नाते और न ही विनोद का भाई होने के नाते पंचायत में आए हैं। वह समाज का एक अंग है। इसलिए वह खुलकर हमले का विरोध करते हैं।

### यह था मामला

बालाजी कॉलोनी निवासी प्रवीन शर्मा व उसकी पत्नी पर 24 जून को दूध की डेरी में पांच बदमाशों ने हमला कर दिया था। हमले में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई थी। पुलिस ने वारदात में शामिल पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार बदमाशों ने बताया था कि उन्हें विनोद कठवाड़ ने रुपए देकर हमला करवाया था। उसके बाद से पुलिस विनोद की तलाश कर रही है।